मैया यशोदा दे दे बधाई

लल्ला की सुन के मैं दौड़ी दौड़ी आई,
मैया यशोदा दे दे बधाई,
जुग जुग जीवे तेरे कुंवर कन्हाई,
मैया यशोदा दे दे बधाई.....

जंतर मंतर क्या किया टोना,
ए दुनिया का मालिक बना तेरा छोना,
ओ गोद में तेरी खेले खेल खिलौना,
जग से निराली तूने दौलत पाई,
मैया यशोदा दे दे बधाई.....

विधि हरि हर नित्य ध्यान लगावे,
इनको अलख अगोचर वेद बतावे,
मां निराकार ये ब्रह्म कहांवे,
चल गया तेरा जादू उन्हीं पे री माई,
मैया यशोदा अब दे दे बधाई.....

नारायण लक्ष्मीपति आए,
देखो यशोदा मैया गोद खिलाए,
दास बिहारी दर्शन पाए,
हो गई रे लक्खा तेरी अब मनचाही,
मैया यशोदा दे दे बधाई.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28557/title/mayia-yashoda-de-de-badhai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |